Patrika (Indore), 9th November 2016, Patrika Plus, Page – 01

# आईआईटी इंदौर का जर्मन विवि से एमओयू

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर ● देश के टॉप टेक्निकल इंस्टीट्यूट में शुमार आईआईटी इंदौर ने जर्मनी की टीयू 9 यूनिवर्सिटी के साथ मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) साइन किया है। हाल ही में बर्लिन में टीयू-9 और आईआईटी इंदौर की ओर से वर्कशॉप का आयोजन किया गया। टीयू-9 यूनिवर्सिटी जर्मनी की टॉप 9 यूनिवर्सिटी का समूह है। इससे पूर्व आईआईटी इंदौर ने टीयू-9 समूह में शामिल 2 यूनिवर्सिटी के साथ पहले से एमओयू साइन किए हुए हैं। एमओयू साइन करने के मौके पर आईआईटी इंदौर के डायरेक्टर प्रदीप माथुर और टीयू-9 यूनिवर्सिटी के प्रेसीडेंट्स उपस्थित थे। इस एमओयू के साइन होने से स्टूडेंट और फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम की संख्या को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही संयुक्त रिसर्च प्रोग्राम और कॉन्फ्रेंस की संख्या में भी इजाफा होगा। गौरतलब है कि आईआईटी इंदौर देश की नई स्थापित 8 आईआईटी में रिसर्च के क्षेत्र में शीर्ष पर बना हुआ है। यहां पर लगातार वर्ल्ड क्लास रिसर्च जारी है। अक्टूबर 2016 तक के आंकड़ों के मुताबिक आईआईटी इंदौर में अभी तक 7383 साइटेंशन पेश किए जा चुके है, जबकि दूसरे नंबर पर मौजूद आईआईटी में सिर्फ 5 हजार 211 साइटेंशन ही प्रस्तुत किए गए हैं।